प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17.01.2025 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत युवाओं से किया संवाद, कहा – युवा संगम से झारखंड–उत्तराखंड में बढे संबंध।
- केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरूगन ने पश्चिमी सिंहभूम में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा की, दौरे के दूसरे दिन आज आईटीआई जगन्नाथपुर और केज फिशरीज–करंजिया का किया निरीक्षण।
- केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा में आयोजित दिशा योजनाओं की समीक्षा की, कहा– केंद्र प्रायोजित योजनाओं में राज्य सरकार कर रही अनदेखी।
- स्वास्थ्य विभाग एचएमपीवी वायरस को लेकर पूरी तरह सतर्क, बोकारो में आठ बेड ऑक्सीजन सुविधाओं के साथ किए गए आरक्षित।
- हॉकी खिलाडी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार मिलने पर राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी बधाई ।

*****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत राजभवन में उत्तराखंड से आए युवाओं से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर सांस्कृतिक और शैक्षिक विचारों के आदान–प्रदान के लिए शुरू किए गए इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के युवाओं को झारखंड को जानने–समझने का मौका मिला है।

*****************

केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरूगन ने आज पश्चिमी सिंहभूम जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा की। अपने झारखण्ड दौरे के दूसरे दिन आज उन्होंने आईटीआई जगन्नाथपुर और केज फिशरीज–करंजिया का निरीक्षण किया, साथ ही टाटा स्टील कॉलोनी स्थित पी एम श्री विद्यालय का भ्रमण किया और जन सहायता कोषांग की गतिविधियों का मुआयना किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में छात्रों की भूमिका पर जोर दिया, साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचनाओं के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता बताई।

*****************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा में आयोजित दिशा की बैठक में योजनाओं की समीक्षा की। मौके पर उन्होंने राज्य सरकार पर केंद्र प्रायोजित योजनाओं में अनदेखी का आरोप लगाया और अधिकारियों को योजना की प्रगति को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

*****************

राजधानी रांची के जिला स्कूल मैदान में आज राष्ट्रीय पुस्तक मेला का उद्घाटन विधायक सीपी सिंह और सांसद महुआ माजी ने किया। 26 जनवरी तक चलने वाले इस मेले में 100 स्टाल लगाए गए हैं। मौके पर सीपी सिंह ने कहा कि किताबें जीवन में मार्गदर्शन करती हैं।

*****************

सड़क सुरक्षा माह के तहत जामताड़ा जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आज रामगढ़ के सुभाष चौक पर जागरूकता अभियान चलाया गया और साथ ही एक नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सड़क सुरक्षा को जीवन सुरक्षा बताते हुए जागरूकता का संदेश दिया और उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

*****************

राज्य का स्वास्थ्य विभाग एचएमपीवी वायरस को लेकर पूरी तरह सतर्क है। इस वायरस को लेकर जारी की गई एडवाइजरी के बाद बोकारो के सदर अस्पताल में आठ बेड ऑक्सीजन सुविधाओं के साथ आरक्षित किए गए

हैं। सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद ने जिलावासियों से अफवाहों से बचने की अपील की और आश्वासन दिया कि वायरस के प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

******************

डालटनगंज के एमआरएमसीएच अस्पताल में शिशु गहन चिकित्सा इकाई (पीआईसीयू) का उद्घाटन नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने किया। सुपरिंटेंडेंट डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि यह इकाई पलामू जिले के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जहाँ नवजात बच्चों की देखभाल के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

******************

गिरिडीह जिले के झंडा मैदान में आज किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिस में किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं पके बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने किसानों द्वारा उपजाई गई सामग्रियों का निरीक्षण किया और किसानों को देश की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बताया।

******************

राज्य की हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों अर्जुन पुरस्कार मिलने पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बधाई दी। भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

******************

महिला हॉकी इंडियन लीग में आज राउरकेला में दिल्ली एसजी पाइपर्स और जे.एस.डब्ल्यू. सूरमा हॉकी क्लब की टीमों के बीच मुकाबला होगा। यह मैच रात सवा आठ बजे शुरू होगा।

*******समाप्त*******